16 लाख टन चीनी का हुआ निर्यात

नई दिल्ली। भारत ने अक्तूबर के आखिर से शुरू हुए 2015-16 मार्केटिंग वर्ष में अब तक 16 लाख टन से अधिक चीनी का निर्यात किया है। यह इससे पहले के वर्ष के पूरे से 46 फीसदी ज्यादा है। यह बात उद्योग संगठन इस्मा (इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन) ने कही है। देश ने 2014-15 मार्केटिंग वर्ष (अक्तूबर-सितंबर) में 11 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

भारत, ब्राजील के बाद चीनी का दूसरा बड़ा उत्पादक है लेकिन मीठे का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। चीनी का उत्पादन 2015-16 मार्केटिंग वर्ष में गिरकर 2.5 करोड़ टन रहने का अनुमान है। इससे पहले के वर्ष में उत्पादन 2.83 करोड़ टन था। महाराष्ट्र और कर्नाटक में सूखे की वजह से अगले मार्केटिंग वर्ष में उत्पादन गिरकर 2.3-2.4 करोड़ टन हो सकता है। ये दोनों प्रमुख गन्ना और चीनी उत्पादक राज्य हैं। एजेंसी